## न्यूज ब्रीफ

### राहगीरों को वितरित किया शीतल शर्बत

**कानपुर देहात।** बड़ी एकादशी पर सोमवार को अकबरपुर के स्टेट बैंक रोड पर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर युवा भाजपा नेता दिलीप कुमार ओमर ने शीतल शरबत का वितरण कराया। भाजपा की जिलाध्यक्ष रेणुका सचान और मंडल अध्यक्ष आशीष दीक्षित भी कार्यक्रम में पहुंचे। भाजपा नेताओं ने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का काम होता है। इस अवसर पर दिलीप कुमार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर भाजपा नेताओं को सम्मानित किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ऋषि पुरवार, उपाध्यक्ष सहित अर्पित मिश्रा, मनोनीत सदस्य रितेश गुप्ता, जय कुमार भारती, कृष्ण कुमार मिश्रा, सरदार प्रमोद सिंह, महेश प्रसाद ओमर आदि रहे।

### जनपद को मिला 752 विवाह का लक्ष्य

**कानपुर देहात।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए नई एसओपी जारी की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के अंतर्गत जनपद का कुल भौतिक लक्ष्य 752 निर्धारित किया गया है। शासन और विभागीय निर्देशानुसार त्रैमासिक लक्ष्य की पूर्ति किए जाने हेतु माह जून 2026 में योजनांतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद के अधिक से अधिक पात्र आवेदक इस योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है, ताकि उन्हें योजना से लाभान्वित किया जा सके।

### बछड़े को कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

**शिवली।** रानीगंज रास्तपुर गांव निवासी बलराम सिंह ने बताया कि उसकी गाय का 10 माह का बछड़ा है। रविवार शाम करीब 7 बजे उसके मकान के सामने रास्ते पर खड़ी घास चर रहा था इस बीच वह धीरे-धीरे पास में स्थित पंडित मियां व असलम मियां के खेत में लगे सब्जी के बरिहान की फसल में चला गया। उसे देख पंडित मियां व असलम मियां ने बछड़े पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसकी पत्नी राम श्री ने विरोध किया तो दोनों ने उसकी पत्नी को गाली गलौज की। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पशु उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### शादी का झांसा दे किया दुष्कर्म, दर्ज हुई एफआईआर

**रसूलाबाद।** कानपुर नगर के दलेलपुर बिल्हौर निवासी एक युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सिसाही थाना रसूलाबाद निवासी नाजिम अली ने 2 दिसंबर 2025 को दीदी की तबीयत खराब होने के बहाने से अपने घर सिसाही बुलाया और मौका पाकर शादी का झांसा देते हुए कई बार दुष्कर्म किया। युवती ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसने जब शादी निकाह करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने निकाह करने से इंकार करते हुए उसकी विवाहित बहन (आरोपी की पत्नी) को भी घर से भगा दिया। नार खास चौकी इंचार्ज थाना प्रभारी शिवबहादुर सिंह ने बताया कि मामले में दी गई तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 69 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जल्द आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### अग्निकांड की घटनाओं को लेकर जारी की एडवाइजरी

**कानपुर देहात।** अग्निकांड के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जनपद के समस्त नागरिकों हेतु जन-जागरूकता, सुरक्षा एवं बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य ने बताया कि वर्तमान में गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो गया है, गर्मी के मौसम में अग्निकांड की घटनायें भी घटित होती रहती है, जिसमें थोड़ी सी चुक के कारण लोगों के खेतों एवं घरों में आग लग जाती है। आग लगने के कारण फसल जल जाती है जिससे कृषकों को नुकसान होता, कभी-कभी आग लगने के कारण जनहानि एवं पशुहानि भी हो जाती है, जो संबंधित परिवार के लिये त्रासदी बन जाती है। इन बहुमूल्य जिन्दगियों को अग्निकांड के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जनपद कानपुर देहात के समस्त नागरिकों हेतु जन-जागरूकता, सुरक्षा एवं बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## होमगाड्र्स एनरोलमेंट परीक्षा डीएम-एसपी ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** डीएम कपिल सिंह एवं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय द्वारा उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स एनरोलमेंट परीक्षा के अंतर्गत जनपद के अकबरपुर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं, प्रश्नपत्र वितरण, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता जैसी गतिविधियों को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं ईमानदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कराते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षा सकुशल संपन्न हो सके।

## बेटियों को बताना होगा उनके लिए क्या सही और क्या गलत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अकबरपुर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ने कहा

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा लव जिहाद के मामले देश के कोने-कोने से सामने आ रहे हैं। धर्मान्तरण में अचानक तेजी आई है। ऐसे में हमें जागरूक होना होगा और पांच वर्ष की आयु से ही बेटियों को यह समझाना शुरू करना होगा कि उनके लिए क्या सही है और क्या गलत है।

तोगड़िया ने यह बात सोमवार को विहिप के कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही। सामाजिक कार्यकर्ता ऋचा त्यागी ने अरसे तक प्रांत स्तर पर विहिप, बजरंग दल और गोरक्षा समिति के दायित्व निभाने वाले बड़े भाई स्व. अतुल कुमार द्विवेदी के अधूरे मिशन को पूरा करने की हुंकार भरी है। दिवंगत भाई के नक्से-कदम पर चलते हुए ऋचा ने अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के सांगठनिक क्रिया कलाप को विस्तार देने की तैयारी की है।


स्व. अतुल द्विवेदी के परिजनों के साथ बैठे प्रवीण भाई तोगड़िया। अमृत विचार

उन्होंने अकबरपुर स्थित अपने आवास को विहिप के कार्यालय संचालन के लिए स्वेच्छा से दे दिया। तोगड़िया ने स्व अतुल द्विवेदी का जिक्र किया और फिर उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि सांसारिक सुखों का त्याग करते हुए राष्ट्र और धर्म की रक्षा में खुद को समर्पित रखने वाले अतुल सरीखे लोग धन्य हैं। कार्यालय पहुंचने के पहले बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने ऋचा त्यागी के नेतृत्व में हाईवे ब्रिज अंडरपास के समीप प्रवीण भाई का फूल मालाओं से स्वागत किया।

कहा वह अब हमारे बीच नहीं हैं मगर उनकी स्मृतियां सदैव अजर-अमर रहेंगी। उन्होंने ऋचा के प्रयासों की सराहना और कहा कि भाई के अधूरे स्वप्न को पूरा करने के लिए उनकी कोशिश काबिले तारीफ हैं। विहिप नेता ने स्व अतुल द्विवेदी की मां सरोज मणि द्विवेदी से भेंट की और उनका हाल जाना। कार्यालय के शुभारंभ के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रवीण भाई ने कहा कि केवल सरकारों के सहारे नहीं रहना है। हमें अपने धर्म, सभ्यता, अपनी संस्कृति और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए सजग रहना होगा। विवेक गुप्ता, हिमांशु, आर्यन, विकास कुशवाहा, हैप्पी, शिव राजपूत, कृष्णा कश्यप, प्रदीप कश्यप, शिव कश्यप आदि रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार भांजे की गई जान, मामा घायल

### रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने जा रहे थे बाइक सवार, रसूलाबाइ-झींझक मार्ग पर हादसा

संवाददाता, रसूलाबाद

- अचानक मवेशी आ जाने से हुए हादसे का शिकार

**अमृत विचारः** बाइक से अपने चचेरे भाई की बारात में जा रहे दो लोगों की बाइक रसूलाबाद झींझक रोड पर रसूलाबाद के निकट अचानक किसी मवेशी के आ जाने से टकरा गई। टक्कर लगने से दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर पुलिस घायलों को सीएचसी रसूलाबाद लाई जहां उनकी गंभीर दशा के चलते उन्हें हैलट कानपुर रेफर किया गया है किंतु भाइयों में एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया इस पर परिजन उसके शव को अपने घर ले गए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

मृतक के परिवार के ही मोहित नायक ने बताया कि रिश्तेदार बब्लू के विवाह में तिर्वा कोठी जनपद कन्नौज बाइक से बंजारा डेरन देवीपुर थाना सिकंदरा निवासी


धर्म सिंह।

चचेरा भाई धर्म सिंह 25वर्ष पुत्र हाकिम व रोहिनी बंजारा डेरन थाना सिकंदरा निवासी धर्म सिंह का सगा मामा राम जी 20वर्ष पुत्र बदले जा रहे थे। रसूलाबाद झींझक रोड पर रसूलाबाद के निकट ही अचानक किसी मवेशी के गुजरने से उनकी बाइक उससे टकरा गई। इससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर पुलिस दोनों को सीएचसी रसूलाबाद लाई।

वहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर दशा के चलते उन्हें हैलट कानपुर रेफर किया। परिजन दोनों को हैलट ले जा रहे थे किंतु धर्म सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर वे लोग शव अपने घर ले गए। बाद में पुलिस ने उसके शव को पोस्ट मार्टम हेतु माती भेजा है। धर्म सिंह की असामायिक मौत पर उसकी मां लौंगा देवी ,पिता हाकिम सिंह, बड़ा भाई अखिलेश ,छोटे भाई हरि ओम,सत्यम, हल्के व बहन खुशबू का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मवेशी से बाइक के टकराने पर दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। घायलों को उपचार के लिए हैलट भेजा गया था।

### सड़क हादसे में युवती की मौत, भतीजा घायल

**कानपुर देहात।** डेरापुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में होमगार्ड की परीक्षा देने जा रही युवती की मृत्यु हो गई। हादसे में उसका भतीजा घायल हुआ। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहिनी पत्नी इंद्रेश यादव निवासी नगला नंथू थाना सैफई जनपद इटावा अपने भतीजे देवराज के साथ कानपुर की ओर होमगार्ड की परीक्षा देने जा रही थीं। रास्ते में मवई मुक्ता गांव के पास एक हॉस्पिटल के सामने सड़क हादसा हो गया। हादसे में मोहिनी देवी की मौके पर मौत हो गई, जबकि भतीजा देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज बिहार घाट राजवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## अलग-अलग हादसों में तीन किशोर समेत पांच लोग घायल

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में तीन किशोर समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक वैवाहिक समारोह के लिए दहेज का सामान ले कर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली रसूलाबाद गहिलु रोड पर सड़क में गड्ढे होने के कारण पलट गई। ट्रॉली की चपेट में आकर गहलू निवासी कृष्णा प्रजापति 15 वर्ष पुत्र विजय व शत्रुघन 16 वर्ष पुत्र जितेंद्र घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए वह ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने दोनों किशोरों के फैक्चर होने की संभावना के चलते जिला अस्पताल रेफर किया है। उधर, सौंज कहींजरी निवासी कार्तिक 15 वर्ष पुत्र गयाप्रसाद बाइक चलाते समय अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गया। परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने कार्तिक के सिर में चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार, भैंसोड़ी बिधूना निवासी बाइक सवार संजीव कुमार 30 वर्ष व सरिता 25वर्ष पत्नी सोनू अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई।

## गोवंश की दुर्दशा को लेकर गो सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** गो रक्षा एवं गोवंश संरक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत सोमवार को राघव गोवर्धन गोशाला के संचालक राघव शुक्ला की अगुवाई में गो सेवकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम मैथा को सौंपा।

शिवली में स्थित राघव गोवर्धन गौशाला के संचालक राघव शुक्ला की अगुवाई में गो सेवकों द्वारा एसडीम मैथा श्याम नारायण शुक्ला को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल को संबोधित सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव आरोग्य, विष मुक्त कृषि और पर्यावरण संतुलन में गाय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सदियों से गोवंश भारतीय परंपराओं का प्राण रहा है किंतु वर्तमान परिस्थितियों में उनके उचित संरक्षण और संवर्धन के अभाव में गौवंश की स्थिति दयनीय है। हम सभी जागरूक नागरिक गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गो माता की रक्षा सेवा और उनके संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर राम जी अग्निहोत्री, राम औतार मिश्रा ,हिमांशु वाजपेई,जगत नारायण बाजपेई,अनिल दीक्षित, श्याम त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गो सेवक। अमृत विचार

## महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लगा फ्रीजर खराब, पेयजल की दिक्कत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** कस्बा कहिंजरी स्थित पौराणिक महाकालेश्वर सिद्ध आश्रम के प्रांगण में लगा वाटर कूलर पिछले लगभग 4 वर्षों से खराब पड़ा है इसकी मरम्मत न होने से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को जल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों कृष्ण गोपाल गुप्ता, गोपाल बाजपेयी, बाबू अग्निहोत्री आदि ने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता के चलते मंदिर परिसर में भक्तों व आसपास गुजरने वाले राहगीरों की सुविधा के लिए के लिए शीतल जल हेतु क्षेत्र पंचायत निधि के द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर लगवाने के कुछ समय बाद से खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि भीखदेव कहिंजरी स्थित महाकालेश्वर सिद्ध आश्रम के प्रांगण में क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा 2020-21 में यह वाटर कूलर स्थापित किया गया था लेकिन कुछ समय पश्चात ही वह खराब हो गया। मंदिर के महंत नरेश दीक्षित द्वारा कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी व खंड विकास अधिकारी से इसकी शिकायत की गई किंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इसके मरम्मत कराने पर ध्यान नहीं दिया। मंदिर परिसर में फ्रीजर लगने से भक्तों को स्वच्छ, शीतल जल मिलने की उम्मीद थी लेकिन वाटर कूलर लगने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गया तब से आज तक खराब पड़ा हुआ है। इस संबंध ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छुन्नी दुबे ने बताया कि इन वाटर कूलर के मरम्मत के लिए क्षेत्र पंचायत निधि में कोई धन नहीं है। इसके रखरखाव की व्यवस्था ग्राम प्रधान के जिम्मे है। ग्राम प्रधान मोहम्मद इसरोज ने बताया कि ग्राम पंचायत निधि में इसकी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है फिर भी वह खंड विकास अधिकारी से इस संबंध में जानकारी कर इसे ठीक करवाने का प्रयास करेंगे। खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान ने कहा प्रधान को इसे ठीक करवाने के लिए निर्देशित कर समस्या का समाधान करवाएंगे।




शोपीस बना वाटर फ्रीजर। समस्या बताते पुजारी। अमृत विचार

## सदा अभिमानी का घमंड चूर करते भगवान

**रसूलाबाद।** अभिमानी का घमंड भगवान सदैव चूर करते हैं। इसलिए मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने 7 वर्ष की उम्र में गोवर्धन पर्वत उठाकर न केवल गोकुल वासियों की रक्षा की वरन् इंद्र का गर्व भी नष्ट कर संसार को संदेश दे दिया कि प्रभु अवतरित हो चुके हैं।

यह बात दशहरा स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन पर्वत धारण लीला के तहत कथा वाचक अंकुश तिवारी ने श्रोताओं को बताई। उन्होंने कहा कि अभिमानी का घमंड भगवान सदैव चूर करते हैं। इसलिए मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा करने के लिए गोकुल निवासियों द्वारा इंद्र पूजा करने की परंपरा को भगवान ने जब बंद कराया तो अपनी इस शक्ति के घमंड में आकर इन्द्र ने गोकुल पर 1 सप्ताह पर्यंत मूसलाधार बारिश कर उसे बहा देना चाहा।

## बारा टोल प्लाजा पर हैंड हेल्ड मशीन से जांची गई सेहत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सौ दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लगा कैंप

**अमृत विचारः** टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यक्रमों और शिविरों का सिलसिला जारी है। इनमें लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और जांचें की जा रहीं। सोमवार को कानपुर-इटावा हाईवे पर संचालित बारा टोल प्लाजा पर कैंप का आयोजन हुआ। इसमें छह दर्जन से अधिक लोगों की एक्स-रे जांच की गई। टीबी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।


सौ दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की टीबी यूनिट ने लोगों की जांच की। बारा टोल प्लाजा पर प्रबंधक मनोज शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हैंड हेल्ड मशीन के माध्यम से टोल कर्मियों तथा अन्य लोगों में क्षय रोग की जांच की गई। 72 व्यक्तियों का परीक्षण का एक्स-रे परीक्षण हुआ। हाई रिस्क ग्रुप्स, जैसे लगातार धूम्रपान करने वाले लोग, डायबीटिज से पीड़ितों और कुपोषित व्यक्तियों का विशेष रूप से परीक्षण कराया गया। कैंप के दौरान उपस्थित लोगों को सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। सभी से क्षय रोग उन्मूलन के लिए मिल जुल कर कार्य करने का अनुरोध किया गया ताकि जनपद एवं भारत वर्ष को क्षय रोग मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर बारा टोल प्लाजा से टोल प्रबंधक मनोज शर्मा, जिला क्षय रोग केंद्र पीपीएम कोऑर्डिनेटर अनुराग तिवारी, एसटीएस दीपक सिंह सेंगर, एसटी एलएस दीपेंद्र प्रताप सिंह, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अकबरपुर के एक्स-रे टेक्नीशियन अनूप कुमार, नीरज त्रिपाठी, वरुण द्विवेदी, विनीत यादव आदि मौजूद रहे।


कैंप के दौरान जांच कराते टोल प्रबंधक। अमृत विचार

## फंदे से लटका मिला गायब युवक का शव, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 25 अप्रैल की रात को गायब हुआ था युवक



**अमृत विचारः** जनपद के रूरा थाना क्षेत्र के अकबरपुर-रूरा मार्ग पर तिगाई गांव के पास ट्रैक्टर ड्राइवर का शव एक पेड़ से लटका मिला। शव देख इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौला गांव निवासी 40 वर्षीय मुनीश कुमार उर्फ पिंटू संखवार शुक्रवार रात करीब आठ बजे अपने पिता रामखिलावन के साथ बाइक से मुक्तापुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। शनिवार की सुबह करीब चार बजे पिता रामखिलावन बाइक लेकर घर लौट आए लेकिन पिंटू का कोई पता नहीं चला। तब पिंटू की पत्नी रूबी ने अकबरपुर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार को देर शाम खेतों में काम कर रहे लोगों ने पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटका देखा तो शोर मचाया। इसके बारे में पुलिस सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त मुनीश कुमार उर्फ पिंटू के रूप में की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

**कानपुर देहात।** सोमवार को डीएम कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें कीं। डीएम ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित करें। कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस लिए अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर उसके प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

**निर्देश** — कलेक्ट्रेट में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर विशेष ध्यान देकर रोकें हादसे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सोमवार को डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जनपद में सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर अभियान के रूप में संचालित की जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सके। साथ ही चिह्नित प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जा रही है, ताकि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी द्वारा अवैध अतिक्रमण तथा अवैध रूप से संचालित ऑटो टैक्सी स्टैंड पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (झांसी हाईवे) पर सड़क नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को दिए गए। जिलाधिकारी ने रनियां क्षेत्र में हाईवे पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु स्ट्रीट लाइट्स लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नबीपुर के पास हाईवे पर यातायात की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए क्रॉस बैरियर लगाए जाने के भी निर्देश दिए, जिससे अनियंत्रित कट एवं दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। साथ ही विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत हाईवे के आसपास से गुजरने वाले विद्युत तारों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य तत्काल कराए जाएं। बैठक में परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि ओवरस्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक से गिरकर पति पत्नी व बेटी घायल

**कुरारा हमीरपुर।** कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र के संगमपुर गांव निवासी सुरेन्द्र (48) बाइक से पत्नी राम सखी (46) व पुत्री सुप्रिया (28) के साथ सोमवार को 11 बजे कस्बे आ रहे थे, तभी झलोखर के पास कालपी हमीरपुर हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां रामसखी की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### करंट लगने से महिला की थम गईं सांसें

**राठ हमीरपुर।** मुस्करा थाने के उपरहंका गांव में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उपरहंका निवासी भान सिंह की पत्नी ऊषा देवी (28) सोमवार की सुबह घर में काम कर रही थी। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गईं और बेहोश होकर गिर गई। परिजन सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र नितिन और परिजनों चीख-पुकार मची रही।

### छत से गिरी बालिका गंभीर घायल, भर्ती

**मौदहा हमीरपुर।** सायर गांव में रविवार रात छत से गिरकर एक मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे कस्बे की सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सायर निवासी पूर्वी (3) पुत्री कल्लू देर रात परिजनों के साथ छत पर सो रही थी। तभी अज्ञात कारणों से छत से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### किशोरी को ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** पांच दिन पहले गायब हुई किशोरी का सुराग नहीं लगने पर मां ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शहबाज पुत्र हमीद खान उर्फ़ डब्बू उसकी नाबालिग बेटी को 22 अप्रैल की दोपहर मतकब गेट के पास से बहला फुसला कर ले गया है। बेटी की सहेली ने उसे देखा था।

### सब्जी बारी में किसान को सांप ने डसा, भर्ती

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गुरदहा में सोमवार सुबह सब्जी बारी में काम कर रहे किसान को सांप ने डस लिया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। गुरदहा निवासी बृजगोपाल सिंह सोमवार सुबह करीब 5 बजे अपनी सब्जी बारी में काम करने पहुंचे। झाड़ियों के पास काम करते समय अचानक एक सांप ने उन्हें डस लिया।

### सांप डसने से महिला की हालत गंभीर

**कुरारा हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में प्रताप की पत्नी सरिता कुशवाहा (46) सोमवार सुबह 7 बजे घर में काम कर रही थी, तभी सांप ने डस लिया। परिजन सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पति ने बताया कि सरिता सुबह करीब सात बजे बोरी लेने गई थी, तभी सर्प ने डस लिया। शोर सुनकर पुत्री ने देखा।

### फेक आईडी बनाने से युवती परेशान

**बिवांर हमीरपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस 102 में तैनात युवती ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात युवक ने उसकी फेंक आईडी बना ली है। उसके फोन पर आए दिन गलत मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। युवक के मैसेज भेजने से वह परेशान है। पीड़िता ने भेजे गए मैसेज दिखाते हुए शिकायत की है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि बनाए गए फेक आईडी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी विद्युत कर्मी बनकर ऐंठे रुपये

**राठ हमीरपुर।** कस्बे के सिकंदरपुरा निवासी एक युवक ने विद्युत फर्जी कर्मी बनकर पैसा ऐंठने व धोखाधड़ी का आरोप लगा एसडीओ से शिकायत की है। पीड़ित कैलाश कुमार पुत्र देवेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग में तैनात दो युवकों ने उसका बिजली बिल ठीक कराने के एवज में उससे 22,867 रुपये ऐंठ लिया और बिल भी जमा नहीं किया, जिससे उसके बिल में 60 हजार रुपये बकाया आ रहा है। पीड़ित ने पावर कारपोरेशन के एसडीओ से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

# शादी में डीजे के शोर के बीच कुएं में गिरकर बच्ची की मौत

## बारात की अगवानी देखने के लिए पहुंची थी बच्ची, रात भर ढूंढते रहे परिवार वाले

- सुबह फायर ब्रिगेड की टीम ने कुएं से निकाला बच्ची का शव
- डांस के दौरान धक्का लगने से कुएं में गिरने की जताई आशंका

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में रविवार की रात शादी समारोह के दौरान डीजे के शोर के बीच एक मासूम कुएं में गिर गई। मासूम अपने घर नहीं पहुंची तो परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे। पूरे गांव में तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं लग सका। शादी वाले घर के पास कुएं में गिरने की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सोमवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं का पानी बाहर निकाला तो किशोरी का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। किशोरी की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।


नैंसी।


स्यावरी गांव में कुएं का पानी निकालते दमकलकर्मी। अमृत विचार

स्यावरी गांव निवासी कामता राजपूत की बेटी की रविवार को शादी थी। गांव में बारात आई हुई थी। रात करीब 10 बजे शादी और अगवानी देखने के लिए लिए कामता राजपूत के पड़ोसी अरविंद राजपूत की 7 वर्षीय पुत्री नैंसी भी अगवानी देखने के लिए पहुंच गई। रात करीब 11 बजे जब नैंसी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। परिवार रात भर तलाश करता रहा, परंतु नैंसी का पता नहीं चल सका।

सोमवार की सुबह परिजनों को कामता राजपूत के घर के पास स्थित कुएं में गिरने की आशंका हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कुएं का पानी बाहर निकाला तो नैंसी का शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि शादी समारोह के दौरान किसी का धक्का लगने से भी नैंसी कुएं में गिर गई होगी। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू कर दी है।

# गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में सोमवार दोपहर 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एकत्र हुए। उन्होंने गौ संरक्षण और गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।


अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार

प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देश में गोवंश की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि गोवंश के संरक्षण के लिए लगातार हो रही घटनाएं और अव्यवस्थित तंत्र गंभीर चुनौती बन गए हैं। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। इनमें पूरे देश में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करना, इसके लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाना तथा उनके कड़ाई से पालन की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, गोवंश को संवैधानिक संरक्षण देने, गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और इससे जुड़े उत्पादों को प्रोत्साहित करने की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रत्येक जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त गौशालाओं की स्थापना और घायल एवं बीमार गोवंश के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। बजरंग दल के शुभम शौर्य अग्निहोत्री ने कहा कि यह अभियान केवल एक संगठन का नहीं, बल्कि व्यापक जनभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगे और गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान विकल्प बाजपेयी, सोनू पटेल, अनूप शर्मा, कृष्णा बाजपेई, चन्द्रवीर, संगम सिंह, दिनकर, पंकज सचान सहित कई तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रमिक अनशन को लेकर मौदहा के अधिवक्ताओं में दो फाड़

- 6सूत्रीय मांगों को लेकर वकीलों ने शुरू किया क्रमिक अनशन
- फिलहाल बार एसोसिएशन ने किया किनारा, आज बैठक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में सोमवार से अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। 6 सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक अनशन में पहले दिन बैठने वाले अधिवक्ताओं में वरदानी प्रसाद, बाबूराम मिश्रा, कामता प्रसाद निगम और निशांत श्रीवास्तव शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी और पेशकार के स्थानांतरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध दर्ज कराया। वहीं बार एसोसिएशन ने किनारा कर रखा है।



सोमवार को क्रमिक अनशन पर बैठे तहसील के अधिवक्ता। अमृत विचार

क्रमिक अनशन शुरू करने वाले अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी से आमजन व अधिवक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अनशन के दौरान जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों में देरी, न्यायिक प्रक्रियाओं में अनियमितता, उच्च न्यायालय एवं राजस्व परिषद के निर्देशों के पालन आदि की भी मांग उठाई। वहीं बार एसोसिएशन का कहना है कि यह अनशन कुछ अधिवक्ताओं द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर किया जा रहा है। हालांकि अनशन शुरू होने के बाद इस मामले को लेकर मंगलवार को बैठक होने की संभावना है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### सरकारी पेड़ कटान में दो को भेजा जेल

**मौदहा (हमीरपुर)।** वन विभाग के पेड़ों की अवैध कटान करने के मामले में एसडीएम ने दो लोगों को आरा मशीनों सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेजा है।

कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी बाबू लेंडर और रफीक रविवार की शाम बड़ेरी नाला के किनारे वन विभाग के पेड़ों की कटान करा रहे थे। उसी समय वहां से एसडीएम करनवीर सिंह निकले। उन्होंने लकड़ी की अवैध कटान का मामला देख पुलिस को मौके पर बुलवाया और दोनों आरोपियों को लकड़ी काटने वाले औजारों के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इन आरोपियों को जेल भेज दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि वन विभाग प्रतिवर्ष वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट ठिकाने लगा देता है, लेकिन लकड़ी की अवैध कटान रोकने में पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहा है।

# पुलिस ने रूट मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास


चौबेपुर कस्बे में रूट मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए स्थानीय पुलिस ने सोमवार को कस्बे में रूट मार्च किया। इस दौरान लोगों से संवाद स्थापित कर आसामाजिक तत्वों व अपराधियों पर कड़ी नजर रखने की अपील की।

लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने और अपराधियों में दहशत व्याप्त करने के लिए प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने सोमवार शाम पुलिस व पी ए सी बल के साथ कस्बे के जीटी रोड, बंदी माता मार्ग, बेला मार्ग व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में रूट मार्च किया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों व व्यापारियों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ कहा कि अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखें। किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।इस दौरान थाना प्रभारी शिवराजपुर भी मौके पर मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में कई घायल, तीन रेफर

**मौदहा।** अलग-अलग सड़क हादसों में पिता-पुत्र व एक महिला समेत आधा दर्जन घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बांदा के जमालपुर थाना क्षेत्र के लुख्तरा निवासी रविंद्र यादव (34) और जितेंद्र (32) रविवार शाम नगर से बाइक पर वापस गांव जा रहे थे, तभी बांदा-कपसा मार्ग पर उरदना के पास संतुलन बिगड़ने से गिरकर घायल हो गए। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने रविंद्र की हालत नाजुक देख रेफर कर दिया। फत्तेपुर निवासी मुन्नीलाल गिरी (60) अपने पुत्र विनोद गिरि (26) के साथ बाइक से बड़े चौराहा की ओर जा रहे थे, तभी गिरकर घायल हो गए। सरकारी अस्पताल से मुन्नीलाल की हालत नाजुक देख रेफर कर दिया। वहीं सुमेरपुर के गुड्डू (22) पुत्र मो. रफीक व ज्योति (22) सड़क हादसों में घायल हुए हैं। गुड्डू को रेफर कर दिया गया है।

# बेला मार्ग पर लगे जाम से हलकान रहे लोग


बेला मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें। अमृत विचार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के बेला मार्ग पर सोमवार दोपहर लगे जबरदस्त जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग पर आवागमन सामान्य हुआ।

बेला मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य विगत करीब एक वर्ष से चल रहा है। मार्ग को दोनों साइड 5-5 फीट चौड़ा किया जाना है। मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही इस पर स्थित पुलियों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। जिसके चलते मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है। सोमवार दोपहर भी इसी कारण दूर-दूर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी नजर आईं। भीषण गर्मी के दौरान जाम में फंसे लोग परेशान बने रहे। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मार्ग पर पुलियों के निर्माण के चलते समस्या उत्पन्न रहती है। दोपहर लगे जाम के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर आवागमन जल्द सुचारू करा दिया।

# गोवंश के संरक्षण के लिए स्वतंत्र मंत्रालय बनाने की उठाई आवाज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गोवंश संरक्षण और संवर्धन एवं गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत गोभक्तों, संत समाज एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाने की मांग की।


उपजिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन। अमृत विचार

ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार माने जाने वाले गोवंश की स्थिति वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक है। गो-तस्करी, अवैध बूचड़खानों में वध, सड़कों पर दुर्घटनाएं तथा पॉलिथीन खाने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में गोवंश की मौत हो रही है। इससे देशी नस्लों का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि एक समय प्रति व्यक्ति गोवंश की संख्या अधिक थी, लेकिन अब इसमें लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ज्ञापन में प्रभावी कानून लागू करने, केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर गोसंरक्षण कानून बनाने की संस्तुति भेजने तथा गोपालन के लिए पृथक मंत्रालय के गठन की मांग की गई है। इसके अलावा व्यवस्थित गोशालाओं की स्थापना, पर्याप्त बजट देने जैसी मांग उठाई गई। साथ ही पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर गोसंरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

# लाही की तौल में 42 क्विंटल की हेराफेरी

- किसान ने तहरीर देकर ठगी करने वालों पर कार्रवाई मांगी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना सिसोलर के खैर गांव निवासी किसान ने लाही बेचने के नाम पर 42 क्विंटल की हेराफेरी कर 2.85 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना सिसोलर में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हेराफेरी से हड़पी गई लाही दिलाने की मांग की है।

पीड़ित राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उसने इस बार लाही की फसल पैदा की। पिछले वर्ष की लाही भी रखी थी। कुल 110 क्विंटल लाही बेचना था। मिहुना थाना सुमेरपुर निवासी रावेंद्र यादव उर्फ बबलू पुत्र जगरूप परिवार का परिचित होने पर वह लाही खरीदने के लिए बाहरी खरीदारों को लेकर डीसीएम व लोडर और पल्लेदार सहित 20 लोगों के साथ घर आया। उस समय घर पर सभी सदस्य मौजूद नहीं थे। रावेंद्र ने तौल में हेराफेरी कर डीसीएम व लोडर को पहले ही निकलवा दिया। 110 क्विंटल की जगह सिर्फ 68 क्विंटल का भुगतान किया। इस तरह 42 क्विंटल लाही जिसकी कीमत 6800 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 2,85,600 रुपये होती है, की ठगी कर आरोपी नदारद हो गया। जब रावेंद्र यादव से फोन पर संपर्क किया तो उसने हेराफेरी स्वीकार की लेकिन खरीदारों का विवरण देने से इनकार कर दिया। भुगतान करने की बात कहकर अब वह फरार है। पीड़ित ने सिसोलर थाना प्रभारी बृजेश कुमार यादव से कार्रवाई की मांग की है।

खुशी के पल | 82 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

# नियुक्ति पत्र मिलते ही खिल उठे चेहरे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में 82 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें सुमेरपुर ब्लॉक की 50 एवं कुरारा की 32 सहायिकाएं शामिल हैं।



सहायिका को नियुक्ति पत्र देते विधायक डॉ. मनोज प्रजापति। अमृत विचार

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की आधारशिला हैं। शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों को समुचित पोषण मिलना उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सहायिकाओं से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि आंगनबाड़ी सहायिकाएं समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग माताओं और बच्चों के कल्याण से सीधे जुड़ी होती हैं। कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं बच्चों के समुचित पोषण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता जलीस खान, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कक्षा 11 में प्रवेश के लिए 15 तक आवेदन

- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में कक्षा 11 (मानविकी/विज्ञान) में 70 सीटों पर प्रवेश शुरू हो गए हैं। प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि प्रवेश हाईस्कूल में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट से होगा। 15 मई तक आवेदन जमा होंगे। किताबें, आवास, भोजन, चिकित्सा नि :शुल्क है।


# यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्रों को एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने की। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल रहे।

कस्बे के विद्या देवी पालीवाल इण्टर कालेज में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में इस वर्ष इंटर मीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल का गौरव बढाने वाले छात्र छात्राओं जयंती, भानुप्रताप, मुस्कान, स्नेहा, नम्रता, देवेंद्र और सरस सिंह व हाईस्कूल परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों ऋतिका पालीवाल, क्षमा गुप्ता, हर्ष प्रजापति, योगेश कुमार, अंशु यादव, धनंजय, पायल शिवहरे, अर्पिता देवी, अंजलि प्रजापति और दिब्याशीं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राकेश पालीवाल और प्रधानाचार्य रामप्रकाश पथिक ने छात्रों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।


परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मान के हकदार बने। अमृत विचार



मनुष्य तब तक शक्तिशाली है जब तक वह किसी शशक्त योजना का प्रतिनिधित्व करता है , और जब वह इसका विरोध करता है तो निर्बल हो जाता हैं।
-सिगमंड फ्रायड

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर के प्रमुख समाचार
- टक्कर के बाद नाले में पलटी ट्रैक्टर-स्कूटी-VI
- गेहूं खरीद में मंडल में सबसे पीछे कानपुर नगर -VII
- मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल वेट लैब -VIII

कानपुर, मंगलवार,28 अप्रैल 2026

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मानसून से पहले मोदी दे सकते हैं सौगातें

## एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के शिलान्यास के साथ सेंट्रल-नौबस्ता रूट पर मेट्रो ट्रेन संचालन को हरी झंडी की तैयारी

**चमकेगी शहर की किस्मत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जून माह में शहर आ सकते हैं। इस संभावना के मद्देनजर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माना जा रहा है कि मोदी अपने इस दौरे में कानपुर पर सौगातों की बरसात कर सकते हैं। मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक का शिलान्यास और मेट्रो के पहले कॉरिडोर के अंतर्गत सेंट्रल स्टेशन से नौबस्ता रूट पर मेट्रो ट्रेन संचालन को हरी झंडी दिखाने के अलावा जीटी रोड पर गोलचौराहा-रामादेवी एलीवेटेड रोड परियोजना की भी आधारशिला रख सकते हैं। शहर के भीतर जीटी रोड के ऊपर एलीवेटेड रोड के निर्माण और जीटी रोड के ही समानांतर फर्रुखाबाद रेल ट्रैक को एलीवेटेड किए जाने से जहां वर्षों पुरानी यातायात जाम की समस्या का समाधान होगा, वहीं सेंट्रल स्टेशन से नौबस्ता तक मेट्रो की कनेक्टिविटी पहुंचने के साथ ही पहले कॉरिडोर का काम पूरा हो जाएगा।



टाटमिल चौराहे पर दिन हो या रात इसी तरह लगता है जाम अमृत विचार



एलीवेटेड ट्रैक बनने के बाद रावतपुर स्टेशन खत्म हो जाएगा। अमृत विचार

- जीटी रोड पर बहुप्रतीक्षित गोलचौराहा से रामादेवी तक फोरलेन एलीवेटेड रोड परियोजना की भी प्रधानमंत्री रख सकते हैं आधारशिला
- एलीवेटेड रेलवे ट्रैक और एलीवेटेड रोड बनने से जीटी रोड पर लगने वाले जाम की समस्या का होगा समाधान, लाखों लोगों को मिलेगी राहत

मंधना से अनवरगंज तक बनने जा रहे एलीवेटेड रेलवे ट्रैक से जीटी रोड के दोनों ओर बसी आबादी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस परियोजना के लिए प्रशासन तथा पीडब्ल्यूडी के सर्वे पर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। उधर, रेल मंत्रालय ने टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। जिस निजी कंपनी को ठेका मिला है, उसके साथ अब मंत्रालय में जमीन पर काम शुरू करने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। इसी के साथ परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी से कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। 15.51 किमी लंबे इस एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण पर करीब 1115 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इसके निर्माण से शहर के बीच फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर स्थित 18 क्रासिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी इन रेलवे क्रासिंग पर दिन भर यातायात बाधित रहता है और कई बार लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। इसी तरह गोल चौराहा से रामादेवी चौराहा तक फोरलेन एलीवेटेड रोड बनने से जीटी रोड पर यातायात जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। गोल चौराहा से रामादेवी का पूरा ट्रैफिक ऊपर ही ऊपर निकल जाएगा, इससे अफीमकोठी, झकरकटी बस अड्डा व टाटमिल चौराहा पर सुगम यातायात सुलभ होगा। 10.2 किमी लंबी इस एलीवेटेड रोड का निर्माण 988.30 करोड़ रुपये से होना है। डीपीआर स्वीकृति के साथ इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार बजट की मंजूरी दे चुकी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इसी माह इस परियोजना का शिलान्यास कराने की तैयारी की गई थी। लेकिन प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए अब इस परियोजना की आधारशिला भी उनसे ही रखवाना तय किया गया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे में सेंट्रल स्टेशन से नौबस्ता तक मेट्रो रूट को हरी झंडी दिखाना लगभग तय माना जा रहा है। इसे देखते हुए मेट्रो प्रशासन भी तेजी से काम पूरा करने में जुटा है। अभी कॉरिडोर-1 में आईआईटी से सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो दौड़ रही है, जिसका विस्तार नौबस्ता तक किया गया है।

# आज से दो दिन तक बसों का टोटा, सहालग में आफत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने कल हरदोई आएंगे प्रधानमंत्री

**अमृत विचार।** सहालग चल रही है जिससे ट्रेनों के अलावा बसें भी फुल चल रही हैं। सर्वाधिक बसों में भीड़ पूर्वांचल की है लेकिन मंगलवार से दो दिन तक बसों की कमी रहेगी जिससे संसाधन की कमी आ सकती है। हालांकि परिवहन का दावा है कि बसें पर्याप्त हैं, कोई समस्या नहीं आएगी।

गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने के लिए 29 अप्रैल यानी बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई आएंगे। जनसभा स्थल पर लोगों को लाने ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने 2600 बसें लगा रखी हैं जो मंगलवार को भीड़ को जुटाने के लिए रवाना हो जाएंगी। इसमें कानपुर रीजन के द्वारा लगभग 350 बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इन बसों को जिम्मेदारी दी गई है कि ये बसें लोगों को लेकर आएंगी और फिर लोगों को जहां से लाई हैं, वहां छोड़ने भी जाएंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के द्वारा इन बसों को मंगलवार को ही रवाना कर दी जाएंगी।

आजकल सहालग का सीजन है जिससे अपने घर द्वार जाने के लिए लोग अपने परिवार के साथ मुंबई, कोलकाता, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद आदि दूर दराज प्रांतों से कानपुर आते हैं और फिर यहां से अपने गांव जाने के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, जौनपुर, बादशाहपुर, हमीरपुर, मौदहा, खागा, फतेहपुर आदि स्थानों के लिए बस का सहारा लेते हैं। ये बसें उन्हें घर के दरवाजे तक पहुंचा देती हैं। उधर कानपुर से लखनऊ के मध्य दिन में ट्रेनों का आवागमन बाधित है क्योंकि गंगा पुल पर स्लीपर बदला जा रहा है। ऐसे में लोगों के पास बस का ही सहारा है लेकिन दो दिन परेशानी हो सकती है।

## सिटी ब्रीफ

### सिग्नेचर सिटी में किराना व्यापारी ने जहर खाया

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित सिग्नेचर सिटी में किराना व्यापारी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पति की मौत पर महिला का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच कर शव पोस्टमार्टम भिजवाया। मूलगंज निवासी 65 वर्षीय अतुल कुमार द्विवेदी की परेड में किराने की दुकान है। परिवार में पत्नी अंजू व एक बेटा सूर्यांश है। परिजनों ने बताया कि चार साल पहले अतुल से सिग्नेचर सिटी में फ्लैट खरीदा था। रविवार रात उन्होंने फ्लैट में जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत खराब होता देख परिवारीजन हैलट लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि व्यापारी के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच की जाएगी।

### विधानसभा समिति की बैठक टली

**कानपुर।** प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की आज होने वाली बैठक टल गई है। अब ये बैठक 6 मई को होगी। केडीए, नगर निगम, नगर पंचायत व पालिका, औद्योगिक विकास विभाग, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, कृषि विपणन एवं गोवंश संरक्षण विभागों की पिछले तीन वित्तीय वर्षों की समीक्षा व विभागों की योजनाओं का स्थल निरीक्षण समिति के सदस्य करेंगे।



### एआई पर कार्यशाला

**कानपुर।** सीएसए के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय स्थित परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की ओर से डाईंग एवं प्रिंटिंग प्रयोगशाला हुई। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूजी एवं पीजी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विभाग की प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह, प्राध्यापक डॉ. एकता शर्मा एवं सह-प्राध्यापक डॉ. ऋतु पांडेय के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीचिंग एसोसिएट डॉ. अंकिता यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान को बढ़ावा देना था।



जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# 13 बच्चों के जीवन में रोशनी की उम्मीद जगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- अंध विद्यालय के 105 बच्चों को सर्जरी से रोशनी लौटाने की तैयारी

**अमृत विचार।** कानपुर अंध विद्यालय में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर ने कई दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। जिला प्रशासन के तत्वावधान में रोटरी क्लब ऑफ कानपुर सूर्या और जेसीआई के सहयोग से आयोजित शिविर में 105 बच्चों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 13 बच्चों की दृष्टि सर्जरी के माध्यम से वापस लाई जा सकती है। इन बच्चों में कक्षा एक के हर्ष, कक्षा दो के शिव शंकर और कक्षा चार के नैतिक व केशव दुबे शामिल हैं, जिन्होंने जन्म से अब तक दुनिया को नहीं देखा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सभी बच्चों का गहन परीक्षण कर संभावनाएं तलाशीं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल जांच तक सीमित नहीं, बल्कि चिह्नित बच्चों को उपचार उपलब्ध कराना है। डीएम ने बताया कि प्रशासन, चिकित्सा विभाग और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से बच्चों को रोशनी देने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि बच्चों का आगे विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद सर्जरी के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

कहा कि विद्यालय में हर 15 दिन पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह रहे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम और वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. शालिनी मोहन भी मौजूद रहीं।

# संतुलित उर्वरक उपयोग का मंत्र

**कानपुर।** सीएसए विवि की ओर से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा तथा भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अकबरपुरसेग में किसानों को टिकाऊ खेती का संदेश दिया गया। जागरूकता अभियान में किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुधारना, खेती की लागत घटाना और उत्पादन बढ़ाना रहा। वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान की सबसे बड़ी पूंजी है।

# 3 डिग्री पारा गिरा, आंधी और बौछार के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौसम विशेषज्ञ ने पश्चिमी विक्षोभ का असर बताया

**अमृत विचार।** शहर में सोमवार को तपती गर्मी से आम लोगों को कुछ राहत मिली। तापमान में 24 घंटे के भीतर 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि यह कमी पश्चिमी विक्षोभ के असर की वजह है। 2 मई तक यह असर रहेगा। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव संभव है। आंधी, बौछार के आसार भी हैं।



धूप से बचने के लिए छाता लेकर जाती छात्राएं। अमृत विचार

शहर में सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। यह रविवार के मुकाबले 3 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार से कानपुर मंडल में धूप नरम होने के साथ बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। नमी का प्रवाह निकलने के साथ गर्मी बढ़ने की साथ हीट इंडेक्स 50 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री के उतार चढ़ाव की संभावना है। 28 से 30 अप्रैल के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदा-बांदी व बोछार ,धूल भारी आंधी और कहीं कहीं ओलावृष्टि की संभावना है। उधर शहर में गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदलने की मांग जिलाधिकारी से की गई।


पीआईए के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सेठ ने कहा कि अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। छोटे बच्चे विशेष रूप से इस मौसम के प्रति अत्यंत संवेदनशील होते हैं और ऐसे में उनके बीमार पड़ने की आशंका काफी बढ़ जाती है। इसलिए कक्षाओं की समय-सारिणी में आवश्यक परिवर्तन किया जाए। स्कूल सुबह जल्दी किया जाए, पढ़ाई के घंटों को कम किया जाए। आवश्यकतानुसार क्लासेस फ्रॉम होम ( ऑनलाइन कक्षाएं ) संचालित करने के निर्देश दिए जाएं।

# अभियंता को तपती धूप में जमीन पर बिठाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर के मार्बल मार्केट में काफी समय से गंदे पानी की समस्या है। क्षेत्रीय पार्षद के कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पार्षद शालू कनौजिया एवं जनता ने जल निगम के अवर अभियंता आशीष जैन को तपती धूप में जमीन पर बिठाकर अनोखा प्रदर्शन किया।

वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि सीएम ग्रिड के तहत डक्ट निर्माण के चलते ये समस्या आई है क्योंकि निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी। बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंगी तो जनता ने ये अनोखा प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही जलकल की अधिशासी अभियंता नवीला खान टीम के साथ मौके पर पहुंची और कार्य शुरू किया तो अवर अभियंता को छोड़ दिया गया। पार्षद ने बताया कि सीएम ग्रिड के तहत मार्बल मार्केट में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। इस दौरान जलकल की सीवर व पेयजल लाइन तोड़ दी जिससे चार मुहल्लों के हजारों लोगों के सामने पेयजल की समस्या आ गई है। जलकल की अधिशासी अभियंता का कहना है कि तीन दिन पहले जल निगम ने नलकूप की चार इंच की लाइन तोड़ दी थी जिसका समाधान किया जा रहा है।





**हेल्थ अलर्ट** पर्याप्त पानी, ओआरएस, नींबू पानी व छाछ का सेवन करते रहें, हल्के सूती कपड़े पहनें

# बुखार, चक्कर, उल्टी, पसीना बंद हो तो हीटस्ट्रोक का खतरा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हीट स्ट्रोक आपात स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है। इस अवस्था में शरीर अपना तापमान नियंत्रित नहीं कर पाता। समय पर उपचार न मिलने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। आईएमए की कानपुर शाखा ने सोमवार को हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव विषय पर पत्रकार वार्ता की। चिकित्सकों ने बताया कि हीटस्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, कमजोरी, पसीना बंद होना, त्वचा का गर्म व सूखा होना और गंभीर स्थिति में बेहोशी या दौरे शामिल हैं।





जानकारी देते आईएमए के डॉक्टर्स। अमृत विचार

विशेषज्ञों ने कहा कि बुजुर्ग, छोटे बच्चे, धूप में काम करने वाले मजदूर व ट्रैफिक कर्मी तथा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग अधिक जोखिम में रहते हैं। लू से ग्रसित व्यक्ति को बचाव के लिए पर्याप्त पानी, ओआरएस, नींबू पानी व छाछ का सेवन, हल्के सूती कपड़े पहनना और दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप से बचना जरूरी है। प्राथमिक उपचार के तहत मरीज को ठंडी जगह ले जाकर शरीर ठंडा करना और जरूरत पड़ने पर तुरंत अस्पताल पहुंचाना जरूरी है। चिकित्सकों ने कहा कि हाइड्रेशन ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, सचिव डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. डी.पी. अग्रवाल, डॉ. ए.सी. अग्रवाल, डॉ. पुनीत दीक्षित, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. आशुतोष त्रिवेदी, डॉ. राहुल कपूर, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. दीपक श्रीवास्तव आदि रहे।

### दो युवक सड़क पर गश खाकर गिरे, मौत

**कानपुर।** रेलबाजार व गोविंद नगर में काम पर जा रहे दो लोग अचानक गश खाकर सड़क पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। लोको कॉलोनी स्थित 40 वर्षीय गुड्डन मजदूरी करते थे। भाई बबलू ने बताया कि गुड्डन की पत्नी अलग रहती है। रविवार दोपहर वह किसी काम से रेलबाजार की तरफ जा रहे थे, तभी पीएनबी बैंक के पास वह अचानक सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। वहीं, शास्त्री चौक के पास रविवार दोपहर बर्रा शिव नगर निवासी 45 वर्षीय रामकुमार का शव सड़क किनारे मिला। परिजनों ने बताया कि, रामकुमार शराब के लती थे। विवाद के बाद उनकी पत्नी सोना मायके चली गई थी। थाना प्रभारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया भीषण गर्मी के कारण मौत हुई है।

## सिटी ब्रीफ

### निर्माणाधीन भवन के गोदाम से चोरी

**कानपुर।** गोविंदनगर में निर्माणाधीन भवन के गोदाम का ताला तोड़कर चोर करीब एक लाख रुपये कीमत का सामान पार कर ले गया। वारदात रविवार रात हुई और पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में एक आरोपी नजर आया है। केयरटेकर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पंचवटी विनायकपुर निवासी हिमांशु शुक्ला ने बताया कि वह स्काई हाउसिंग डेवलपर्स में कार्यरत हैं। इसी कंपनी के द्वारा गोविंदनगर पी-ब्लॉक में भवन का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार सुबह जब वह साइट पर पहुंचे तो गोदाम का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान गायब था। देखने पर पता चला कि चोर 29 बंडल बिजली के तार और नल उठा ले गया। कार्यवाहक थानाप्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बेटी के जन्मदिन पर पिता ने फांसी लगाई

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा में बेटी के जन्मदिन वाले दिन पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां से झगड़े के बाद बेटी का जन्मदिन मायके में मनाने से नारज होकर पति ने यह कदम उठाया। साढ़ चंदनपुर निवासी 55 वर्षीय बुद्धिप्रकाश जाजमऊ की एक लेदर फैक्ट्री में सुपरवाइजर थे। वह पत्नी रेखा, बेटी खुशी व बेबो के साथ सेन पश्चिम पारा में रह रहे थे। साले संजय ने बताया कि शराब पीने से मना करने पर बहनोई बुद्धिप्रकाश बहन रेखा से अक्सर मारपीट करते थे। शनिवार को वह नशे में घर आए, फिर विवाद कर बहन को पीट दिया। बहन खुशी को लेकर देवकी नगर आ गई। रविवार को खुशी के जन्मदिन को लेकर मां तैयारी कर रही थी, तभी कोचिंग से घर लौटी बेबो ने जब पिता का शव फंदे से झूलता देखा तो वह सन्न रह गई। पति की मौत की जानकारी मिलते ही रेखा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### गंदा पानी फेंकने से मना करने पर ईंट पत्थर से हमला

**चकेरी।** शिव कटरा में पड़ोसी द्वारा घर के सामने गंदा पानी फेंकने से मना करने पर पड़ोसी पिता पुत्र ने पीड़ित को मारापीटा। साथ ही ईंट पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। शिव कटरा केसा के पास के निवासी सुरेश कुमार के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाले गिरधारी लाल वर्मा और उनका बेटा सुरेंद्र वर्मा बिना वजह उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित ने बताया कि बीती 16 अप्रैल को आरोपितो ने उनके घर के सामने गंदा पानी फेंक दिया। जिस पर उन्होंने मना किया तो आरोपितो ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपितो ने उनपर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। लोगों के जमा होने पर आरोपित गाली गलौज करते भाग गए।

### प्रयागराज, झांसी लखनऊ, फतेहपुर एग्जाम स्पेशल चली

**कानपुर।** सोमवार को अंतिम दिन होमगार्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कानपुर से कई एग्जाम स्पेशल ट्रेनें चलाईं जिसमें प्रयागराज, लखनऊ और झांसी एवं फतेहपुर शामिल हैं। कानपुर सेंट्रल से सायं 6.10 बजे लखनऊ के लिए स्पेशल चली। कानपुर से प्रयागराज दो विशेष ट्रेन चली। पहली दोपहर 1.27 बजे एवं सायं 6.40 बजे चली। कानपुर सेंट्रल से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के लिए दो विशेष ट्रेन दोपहर 1.30 बजे एवं शाम 6.54 बजे चली।

कानपुर सेंट्रल से फतेहपुर मेमू ट्रेन का सूबेदारगंज तक विस्तार किया गया।

# टक्कर के बाद नाले में पलटी ट्रैक्टर-स्कूटी, युवती की मौत

## सेन पारा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, सकरापुर बंबा के पास आमने-सामने टकराए वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में 19 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे नाले में पलट गए और युवती ट्रॉली के नीचे दब गई।

चकेरी थाना क्षेत्र के देहली सुजानपुर निवासी नन्ही (19) पुत्री कन्हैयालाल स्कूटी से किसी निजी कार्य से नगवा स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना क्षेत्र से गुजर रही थी। जैसे ही वह सकरापुर बंबा के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही मौरंग लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया दोनों वाहन तेज गति में थे और अचानक आमने-सामने आने से चालक नियंत्रण नहीं रख सके। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी और ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरे। हादसे के दौरान युवती ट्रॉली के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं राहगीरों की सूचना पर सेन पश्चिम पारा पुलिस पहुंची। जेसीबी मशीन से ट्रॉली हटाई गई और युवती को बाहर निकाला गया। उसे अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए।




नाले से ट्रैक्टर ट्राली निकालती जेसीबी। टक्कर से स्कूटी के परखचे उड़ गए। अमृत विचार

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> – प्रदीप कुमार सिंह, इंस्पेक्टर, सेन पश्चिम पारा

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कानपुर।** रामादेवी फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। उन्नाव के दही चौकी स्थित आवास विकास निवासी 42 वर्षीय विक्रांत विश्वकर्मा प्राइवेट कर्मी थे। परिवार में पत्नी कुसुम और दो बच्चे हैं। साले राजेश शर्मा ने बताया कि बहनोई विक्रांत रविवार शाम बाइक से यशोदा नगर में एक दोस्त के परिवार की शादी में बाइक से जा रहे थे। रामादेवी फ्लाई ओवर के पास हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे विक्रांत की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# ड्राइविंग सिखाते नाले में गिरी कार, बचे पति-पत्नी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घबराहट में महिला ने ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया

**अमृत विचार।** रावतपुर थाना क्षेत्र में केडीएमए स्कूल के पास सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बने गहरे नाले में जा गिरी। हादसे के वक्त कार में पति-पत्नी सवार थे। गनीमत रही कि दोनों को गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए।

श्याम नगर निवासी दंपति दोपहर करीब 2 बजे खाली सड़क पर कार चलाने का अभ्यास कर रहे थे। पत्नी ड्राइविंग सीट पर बैठकर कार चलाना सीख रही थी, जबकि पति बगल में बैठकर उसे मार्गदर्शन दे रहे थे। इसी दौरान अचानक महिला ने ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे कार अनियंत्रित होकर करीब 6 फुट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे के बाद तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाते हुए नाले में उतरकर कार के दरवाजे खोले और अंदर फंसे दंपति को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केडीएमए स्कूल के पास खुले नाले को ढका जाए।

> डायल 112 पर सूचना मिली थी। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
> – संतोष कुमार सिंह, थाना प्रभारी रावतपुर



सड़क किनारे खुले नाले में गिरी कार। अमृत विचार

### ढाबे पर विवाद सड़क पर पथराव से थमा ट्रैफिक

**कानपुर।** बर्रा में सोमवार दोपहर एक ढाबे पर मामूली कहासुनी अचानक बवाल में बदल गई। दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट और पथराव हुआ। सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। करीब 10 मिनट तक यातायात ठप रहा। पुलिस पहुंचने से पहले ही दोनों पक्ष भाग निकले। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई की बात कह रही है। बर्रा-दो स्थित संकट मोचन मंदिर के पास मनोज गुप्ता के गुप्ता भोजनालय में दोपहर बाद कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले कहासुनी हुई। फिर मामला मारपीट में बदल गया। इसी बीच एक पक्ष ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। बचाव में दूसरे पक्ष ने ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। जवाब में पहले पक्ष ने भी सड़क के दूसरी ओर पथराव किया। इससे इलाके में दहशत फैल गई और सड़क पर आवागमन रुक गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दोनों पक्ष फरार हो चुके थे। कार्यवाहक थानाप्रभारी नंदू सिंह ने बताया कि मौके पर कोई नहीं मिला।

### कानफोड़ू साइलेंसर वाले वाहनों का चालान

**कानपुर।** यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के सहयोग से मॉडीफाइड साइलेंसर लगी 455 बाइकों के चालान किये गये। चेकिंग के दौरान कानफोड़ू कई प्रेशर हार्न और वाहनों से हूटर निकलवाये गये।

- हैवी वाहनों में कान फोड़ू प्रेशर हॉर्न और वाहनों से हूटर उतरवाये गये

सोमवार को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के दिशा निर्देशन में दोपहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर, ट्रकों व भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न एवं निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली, लाल बत्ती व हूटर के खिलाफ शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 455 मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों का चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने कहा कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों पर कार्रवाई होगी।

# चलने से मना करने पर ऑटो चालक पर हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर दबंगों ने एक ऑटो चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोप है कि ऑटो चालक ने महिला को होटल छोड़ने से इनकार किया था, जिस पर युवक पर हमला बोल दिया गया और पत्थर मारकर उसका सिर फोड़ दिया।

बारासिरोही निवासी रंजीत कटियार पेशे से ऑटो चालक हैं। शनिवार रात करीब 10 बजे वह कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन के पास से बुकिंग लेने जा रहे थे। इसी दौरान बारासिरोही सब्जी मंडी के पास पहले से मौजूद राजेश, प्रिंश, अरुण और सागर ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने रंजीत से एक महिला को होटल छोड़ने के लिए कहा, लेकिन पहले से बुकिंग होने की बात कहकर उन्होंने मना कर दिया। इस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर सभी ने मिलकर रंजीत की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान एक युवक ने पत्थर उठाकर उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। जिसके बाद पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।




घायल ऑटो चालक रंजीत कटियार।

- युवक ने ऑटो चालक के सिर पर पत्थर से वार कर दिया

### नशे में धुत हेड कांस्टेबल का सड़क पर हंगामा

**कानपुर।** ग्रीनपार्क चौराहे के पास सोमवार दोपहर एक कांस्टेबल शराब के नशे में हंगामा करते हुए। राहगीरों से गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान वह हाथ में शराब की बोतल लेकर इधर-उधर घूमता नजर आया। लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। करीब 15 से 20 मिनट तक चले इस हंगामे के चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने कांस्टेबल को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। अत्यधिक नशे की हालत में कुछ देर बाद कांस्टेबल फुटपाथ किनारे सो गया। सूचना मिलने पर ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कांस्टेबल को अपने कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। एसीपी लाइन आनंद कुमार ओझा ने बताया कि हेड कांस्टेबल योगेंद्र प्रताप सिंह ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने के कारण उसकी गैरहाजिरी तस्करा में अंकित की गई है।



प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# निजीकरण के विरोध में एकजुट हुए सफाई कर्मचारी, 30 को होगा धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू ने कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ (4845) के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू और अश्वनी कुमार के शहर आगमन पर मोतीझील स्थित यूनियन कार्यालय में पदाधिकारियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू ने कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नगर निगम में सफाई व्यवस्था के निजीकरण के प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए इसे कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों की नौकरी और उनके अधिकारों पर सीधा असर पड़ेगा, उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति द्वारा 30 अप्रैल को नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित विशाल धरने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और निजीकरण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। इस मौके पर महामंत्री मुकेश वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष बृजलाल भारती, जिलाध्यक्ष किशोर सागर, सतीश समुद्र, राज खन्ना, राकेश परिहार, सनी लोहिया, ज्ञानवती, मुकेश भारती, सूरज भारती, नीतू खुराना, रमेश बेनीवाल, सुजीत भाई, अंजना सहित पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सिविल डिफेंस ने की मदद



होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सिविल डिफेंस के कानपुर चीफ राजीव सिंह निरीक्षण के लिए निकले। घूम-घूमकर उन्होंने सदस्यों और परीक्षार्थियों से बात की। मनोज सिंह, अब्दुल सलाम जाफरी, हरिओम, लक्की सिंह, स्वतंत्र कुमार आदि तैनात रहे।

# तीन दिन में 26 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होमगार्ड भर्ती परीक्षा: कानपुर में 1947 जवानों की होनी है भर्ती

**अमृत विचार।** तीन दिन तक चली होमगार्ड भर्ती परीक्षा में 26 फीसदी से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए। अंतिम दिन सोमवार को 10 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कानपुर में 1947 पद पर होमगार्ड जवानों की भर्ती की जानी है। तीन दिन तक चली परीक्षा में कुल 1,15,200 अभ्यर्थी शामिल होने थे। पहले दिन 25 अप्रैल को दोनों पालियों में 10138, 26 अप्रैल को 9871 व सोमवार को 10293 अभ्यर्थी परीक्षा में नहीं आए। 30302 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। कुल 84898 लोगों ने ही दोनों पालियों में लिखित परीक्षा दी। कानपुर में अलॉट हुए कुल अभ्यर्थियों के सेंटर के हिसाब से अब 44 अभ्यर्थी दावेदार हैं। यानि भर्ती होने के लिए एक अभ्यर्थी को 43 लोगों से आगे निकलना होगा। तीसरे दिन अधिकतर लोगों ने कहा कि प्रश्नपत्र सरल रहा। नेगेटिव मार्किंग नहीं थी। इस लिहाज से अभ्यर्थियों ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिये। लिखित परीक्षा के लिए 53 केंद्र बनाए गए थे। दो पालियों में चली परीक्षा में पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली।



परीक्षा केंद्र से बाहर मौजूद युवा। अमृत विचार

आक्रोश

बीपीएल कार्डधारक महिलाएं विरोध में उतरीं

# बिजली लोड बढ़ाने के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के नेता व गोविंद नगर के पूर्व प्रत्याशी सम्राट विकास के नेतृत्व में सोमवार को बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। फजलगंज स्थित बिहारी लइनिया निवासी महिलाओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गुमटी गड़रिया पुरवा कार्यालय पहुंचकर अधीक्षण अभियंता (एसई) पीके सिंह के कार्यालय का घेराव किया। सम्राट विकास ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बीपीएल उपभोक्ताओं के कनेक्शन को एक किलोवाट से बढ़ाकर दो किलोवाट कर दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर की व्यवस्था से भी गरीब जनता परेशान है और अनियमित बिलिंग से उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं। मौके पर अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। काफी देर तक चले हंगामे के बाद अधीक्षण अभियंता पीके सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी बीपीएल उपभोक्ता महिलाएं अपना कनेक्शन नंबर लिखकर प्रार्थना पत्र दें। दो से तीन दिनों के भीतर जांच कर कनेक्शन को पुनः एक किलोवाट किया जाएगा। इस दौरान निखिल कुमार, विनोद पाल, मोहित यादव, आशीष शुक्ला आदि रहे।



अधीक्षण अभियंता का घेराव करते लोग। अमृत विचार

### आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए मालदा टाउन से आनंद विहार टर्मिनल तक ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में एसी द्वितीय-02, एसी तृतीय-06, स्लीपर-07, सामान्य-04 एवं पार्सल के 2 डिब्बे होंगे।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन से 4,11,18 व 25 मई के अलावा 1, 8, 15, 22, 29 जून को संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03436 प्रत्येक मंगलवार को 5,12,19 व 26 मई और 02, 09, 16, 23, 30 जून को संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन से सोमवार को प्रातः 9.30 बजे रवाना होगी।

# डीसीपी बोले-खतरनाक अमिलिहा कट पर विशेष सतर्कता बरती जाए

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने सोमवार को चौबेपुर थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-91 के अमिलिहा कट का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस उपायुक्त यातायात, कानपुर और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीसीपी ने मौके पर यातायात व्यवस्था, सड़क की स्थिति और दुर्घटना संभावित बिंदुओं का अवलोकन किया। उन्होंने चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और यातायात प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। डीसीपी पश्चिम ने कहा कि अमिलिहा कट दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है, इसलिए यहां विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि हाल ही में अमिलिहा गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें मंडप विसर्जन के बाद लौट रही महिलाओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दो महिलाओं और एक बाइक सवार की मौत हो गई थी।



निरीक्षण करते पुलिस व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### मन की बात संयोजक सुनीता गौड़ सम्मानित

**कानपुर।** पीएम मोदी के मन की बात को भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिले के सभी 1258 बूथों पर सामूहिक रूप से सुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जिला मन की बात संयोजक सुनीता गौड़ को सम्मानित कर उनके नेतृत्व और संगठन क्षमता की सराहना की। मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि 14 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं और आमजनने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं तो प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं बनेगा

**कानपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि नये नियम के मुताबिक यदि वाहन की नंबर प्लेट हाई सिक्योरिटी नहीं है तो प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं बनेगा और वाहन स्वामी के लिए बड़ी मुसीबत आ सकती है।

### रेलवे स्टेशनों के लिए सुझाव दें

**कानपुर।** मंडल रेल प्रबंधक ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन, गोविंदपुरी, पनकी, अनवरगंज रेलवे स्टेशनों पर क्या यात्री सुविधाएं और दी जा सकती हैं, इसके लिए 28 अप्रैल यानी मंगलवार तक सुझाव मांगे गये हैं। आप अपने सुझाव वाट्सअप नंबर 9616866666 पर दें।

# गेहूं खरीद में कानपुर नगर मंडल में सबसे फिसड्डी

## लक्ष्य की 10 फीसदी गेहूं खरीद ही हो सकी है अब तक नगर में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**64** में 58 केंद्रों में ही किसान कर पा रहे बिक्री

**27** दिनों में जिले में 534.50 टन की खरीद

**27500** टन है गेहूं खरीद का कानपुर का लक्ष्य

**अमृत विचार।** गेहूं की खरीद के मामले में कानपुर नगर मंडल में सबसे पीछे चल रहा है। विभागीय आंकड़ों की माने तो अबतक महज 10 फीसदी खरीद हो पाई है। जबकि लक्ष्य 27500 टन है। 64 स्थलों पर खरीद होनी लेकिन 58 केंद्रों पर ही की जा रही है। किसानों को पूरा भुगतान भी नहीं हुआ है। 30 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जानी है। 27 दिनों में जिले में 534.50 टन की खरीद हो पाई है। जबकि पिछले वर्ष इसी दिन तक 5245.59 टन गेहूं की खरीद की जा चुकी थी। गेहूं खरीद और भुगतान को लेकर किसान चिंतित हैं। कुल खरीद के अनुसार किसानों को 738.29 लाख रुपये का भुगतान होना है लेकिन 643.09 लाख ही किया गया है। मंडल में गेहूं खरीद में सबसे आगे फर्रुखाबाद चल रहा है। जहां 17.25 फीसदी की खरीद हुई है। संभागीय खाद विपणन अधिकारी प्रभाकांत द्विवेदी ने बताया कि निर्धारित दिनों में मंडल के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। मंडल में कुल 337 केंद्रों पर खरीद की जानी है। लेकिन 313 केंद्रों पर ही खरीद की जा रही है। जबकि मंडल के जिलों का लक्ष्य 132000 टन है और खरीद महज 14.40 फीसदी 19007.04 टन हो सकी है। मंडल में कुल 3671 किसानों नेसरकारीकेंद्रों पर बिक्री की है। जिन्हें 4951.33 लाख रुपये का भुगतान होना है लेकिन अभी भी 8 करोड 40 लाख रुपये का भुगतान नहीं हो पाया है।

**मंडल के जिलों की स्थिति**

| जिला | लक्ष्य | खरीद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कानपुर नगर | 27500 टन | 2834.12 टन | 10.31 |
| कानपुर देहात | 37500 टन | 5821.67 टन | 15.52 |
| इटावा | 23500 टन | 3889.07 टन | 16.55 |
| औरेया | 19500 टन | 2814.55 टन | 14.43 |
| फर्रूखाबाद | 15500 | 2674.50 टन | 17.25 |
| कन्नौज | 8500 टन | 973.13 टन | 11.45 |

## हर मोहल्ले में बनेंगे हनुमान शक्ति केंद्रः तोगड़िया

**कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संस्थापक सह अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया कल्याणपुर के दंडी आश्रम रामेश्वरी बाग गए। जहां उन्होंने आश्रम के प्रमुख दंडी स्वामी श्री श्री 108 श्री अरणेश्वराश्रम का आशीर्वाद लिया।

मीडिया से बातचीत में डॉ. तोगड़िया ने बताया कि उनका यह दौरा महिला सुरक्षा और हनुमान चालीसा पाठ अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक मोहल्ले में हनुमान शक्ति केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही लव जिहाद जैसे मुद्दों पर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान डॉ. तोगड़िया ने अद्वैत विज्ञान मठ, आजाद नगर के दंडी आश्रम, बिठूर आश्रम, आशा देवी मंदिर और मातृ छाया गुरुकुल सहित कई धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।



स्टेशन निदेशक को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

# गोदाम में बनाई जाए सड़क व कैंटीन


- कार्यदिवस को पहले की ही तरह 16 घंटे किए जाने की हुई मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीपीसी रेलवे गोदाम में सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को व्यापारी कानपुर सेंट्रल के निदेशक से मिले। व्यापारियों ने ट्रांसपोर्टर्स ने सीपीसी रेलवे गोदाम में सड़क व कैंटीन बनाए जाने की मांग की। सीपीसी रेलवे गोदाम में कार्यदिवस को पहले की ही तरह 16 घंटे किए जाने का भी मुद्दा उठा।

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने स्टेशन निदेशक को बताया कि एक समय एशिया के सबसे बड़े सीपीसी रेलवे गोदाम में लगभग दो वर्ष पूर्व कार्य दिवस प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित था। बाद में उसे बढ़ाकर 24 घंटे कर दिया गया था। 16 घंटे के कार्य दिवस के अतिरिक्त 8 घंटे की छूट रहती थी जिसके दौरान डेमरेज चार्ज एवं वारफेज चार्ज नहीं लगाए जाते थे। किंतु कार्य दिवस को 24 घंटे किए जाने के पश्चात यह छूट समाप्त हो गई जिससे उक्त अतिरिक्त 8 घंटों में भी डेमरेज एवं वारफेज चार्ज लगने लगे। इस परिवर्तन के कारण सीपीसी रेलवे गोदाम में सीमेंट, फर्टिलाइज़र, गल्ला एवं नमक आदि की रेलवे के माध्यम से आवक प्रभावित हुई है।

परिणामस्वरूप अब अधिकांश माल फैक्ट्रियों से सीधे ट्रकों द्वारा मंगाया जा रहा है। इससे न केवल व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हुआ है, बल्कि रेलवे को भी अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।यह भी कहा कि रात्रि के समय गोदाम में कोई प्रभावी श्रम कार्य नहीं होता है। जिससे 24 घंटे का कार्य दिवस व्यावहारिक रूप से लाभकारी सिद्ध नहीं हो रहा है। इस स्थिति में व्यापारियों को निरंतर आर्थिक हानि हो रही है। इसलिए सीपीसी रेलवे गोदाम का कार्य दिवस दोबारा पूर्व की भांति 16 घंटे निर्धारित किया जाए जिससे व्यापार एवं रेलवे दोनों के हित सुरक्षित रह सकें। स्टेशन निदेशक के साथ बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा प्रदेश संगठन महामंत्री विनायक पोद्दार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता राजू, उपाध्यक्ष अशफाक अहमद खान, सीमेंट कारोबारी प्रमोद सिंह, देवेन्द्र सिंह, ट्रांसपोर्टर विनोद त्रिपाठी, राहुल शर्मा ,अमर बाजपेई सहित अन्य मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते सपा नेता। अमृत विचार

# नाबालिग से अमानवीय घटना के विरोध में प्रदर्शन

- गाजीपुर के करंडा थाना क्षेत्र में बेटी से दरिंदगी का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र में विश्वकर्मा समाज की बेटी से की गई दरिंदगी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सुरक्षा देने का दावा खोखला है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार को सौंपा। महानगर अध्यक्ष फजल महमूद ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, रोहित विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, नंदलाल जयसवाल, फैसल महमूद, सत्यनारायण गहरवार, आंनद शुक्ला, महेन्द्र सिह, मुमताज मंसूरी, आकाश यादव, दीप्ति सिंह, सुलेखा यादव, केके मिश्रा, शादाब रहे।

# 12 सौ दुकानें बंद कर व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के सदस्यों ने लगाए नारे, किया मार्च। अमृत विचार

- सरसैया घाट चौराहा से डीएम आफिस तक मार्च

**अमृत विचार।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। व्यापारी सरसैया घाट चौराहा से मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे। यहां पर व्यापारियों ने 12 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने सांकेतिक हड़ताल भी की। इस हड़ताल के दौरान उन लोगों ने जिले में लगभग 12 सौ दुकानों को एक दिन के बंद रखा। एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने बताया कि वे लोग लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

बावजूद इसके उन लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। वे लोग खाद के साथ अन्य उत्पाद जो कम्पनियां बेच रही है इस पर पूरी तरह रोक लगायी जाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा एक्ट में है कि सभी फर्टिलाइजर यानि यूरिया , डीएपी , पोटास , एनपीके सभी खादे रिटेलर की दुकानों तक पहुंचा कर देना होता है, लेकिन कम्पनियां भाड़ा 5 से 13 रुपये तक ही दे रही हैं। जबकि व्यापारी को 35 से 40 रुपये खर्चा आ रहा है। इससे उनका नुकसान हो रहा है। प्रशांत चोला, आशुतोष कटियार व अश्वनी कटियार ने बताया कि व्यापारियों ने खाद , बीज एवं कीटनाशक का सैम्पल फेल होने पर केवल कम्पनी को पार्टी बनाया जाये क्योंकि निर्माता व पैकिंग वहीं करता है।

व्यापारी केवल माल बेचता है और सैम्पल फेल होने पर व्यापारी का लाइसेंस निलंबित किया जाता है तथा मुकदमा लिखा जाता है। इन स्थितियों से व्यापारियों की ख्याति पर भी असर पड़ता है। प्रदर्शन में किशन गुप्ता, राजू गुप्ता, अभिषेक कुशवाहा, सौरभ कटियार, विपिन गुप्ता, बाबूराम गुप्ता मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल व अखिलेश का पुतला फूंका

**कानपुर।** नारी शक्ति अधिनियम को संसद में पारित न होने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा और महराजपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रदर्शन हुए। हरजिंदर नगर में मंडल अध्यक्ष नंदू शुक्ला के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्यालय से जन आक्रोश रैली निकाली गई, जिसे करन महाना ने रवाना किया। रैली सुभाष रोड, लाल बंगला बाजार होते हुए हरजिंदर नगर चौराहे पहुंची, जहां राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। वहीं कानपुर दक्षिण में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई, जो बारा देवी चौराहे तक पहुंची। इस दौरान अखिलेश यादव और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी हुई। सुनीता देवी, शीलू कनौजिया, वंदना गुप्ता, मधु तिवारी, हेमलता धीमान, किरण पांडे, तरंग श्रीवास्तव, मीनाक्षी पांडे, रानी गौड़, रीता अवस्थी, रश्मि शुक्ला, सुमन देवी, विवेक शुक्ला, आदित्य शुक्ला, दीपक निषाद रहे।



पुतला फूंकते भाजपाई। अमृत विचार

# मामा की धमकी से डरकर जहर खाया

**कानपुर।** महाराजपुर में मामा की धमकी व पुलिस के भय के कारण होटल कर्मी ने सल्फास खाकर जान दे दी। मामी ने भांजे पर छेड़खानी व परेशान करने का आरोप लगाते हुए लखनऊ के काकोरी थाने में मुकदमा कराया था।पुलिस कार्रवाई का भय व मामा की हाथ-पैर तोड़कर मारने की धमकी से परेशान होकर होटल कर्मी ने लस्सी में सल्फास डाल कर पी गया। मूलरूप से लखनऊ काकोरी थाना क्षेत्र के पलैंधा ईटगांव निवासी 23 वर्षीय युवक पीएसी मोड़ स्थित नेताजी नगर में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। वह महाराजपुर स्थित एक होटल में खाना बनाने का काम करता था। भाई के मुताबिक, मामी ने भाई के खिलाफ काकोरी थाने में गाली-गलौज, छेड़खानी व परेशान करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट कराई थी।

## 9 मई को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत

**कानपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर 30 अप्रैल समीक्षा बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी रश्मि सिंह करेंगी, जिसमें सभी प्रशासनिक व नोडल अधिकारी शामिल होकर विभागवार तैयारियों की समीक्षा करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव तिवारी ने बताया कि 9 मई को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादों का आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण कर वादियों को न्याय दिलाया जाएगा।



फरियादियों को छाछ पिलाई गई। अमृत विचार

# कलेक्ट्रेट में फरियादियों के लिए छाछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों को राहत देने के लिए जिलाधिकारी की पहल पर निःशुल्क छाछ-मट्ठा उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम की इस पहल का लोगों ने सराहना की है। डीएम ने लोगों को पानी की व्यवस्था कराने के लिए नियमित आरओ की सफाई करने निर्देश दिए हैं।

**विकास** | महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी, गति शक्ति कार्गो टर्मिनल व लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का किया निरीक्षण

# फ्रेट कॉरिडोर में ग्राहक केंद्रित सेवा पर जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के महाप्रबंधक (व्यापार विकास एवं व्यापार विश्लेषण) एसपी वर्मा ने न्यू कानपुर स्थित प्रमुख लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण एवं समीक्षा की। इसमें क्रू लॉबी, न्यू कानपुर स्टेशन और भाउपुर स्थित गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) शामिल रहे।

महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान, परिचालन तत्परता, बुनियादी ढांचे की तैयारी और सेवा दक्षता के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने माल ढुलाई क्षमता, रेल संपर्क, टर्नअराउंड टाइम और लॉजिस्टिक्स संचालन के समग्र एकीकरण जैसे पहलुओं का बारीकी से आकलन किया, ताकि कॉरिडोर के साथ माल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

महाप्रबंधक ने जमीनी स्तर पर कार्यरत टीमों के साथ बात करके कठिनाइयों के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित बनाने तथा ग्राहक केंद्रित सेवा प्रदान करने के अवसरों की पहचान पर जोर दिया। समीक्षा में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नेटवर्क में माल ढुलाई का बुनियादी ढांचा मजबूत करने और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं में निरंतर सुधार करने को कहा।



जांच करते महाप्रबंधक। अमृत विचार

**गति शक्ति कार्गो टर्मिनल**

- देश भर में विकसित किए जा रहे ऐसे टर्मिनल का उद्देश्य रेलवे की माल ढुलाई में हिस्सेदारी बढ़ाना है, क्योंकि रेल परिवहन सड़क की तुलना में अधिक ऊर्जा कुशल, कम खर्चीला और पर्यावरण के लिए बेहतर है। रेलवे कार्गो टर्मिनल में माल को ट्रेन में लोड-अनलोड करने के साथ परिवहन के अन्य माध्यमों सड़क, पोर्ट आदि से जोड़ा जाता है। इन टर्मिनलों में आधुनिक मशीनें, मेकेनाइज्ड लोडिंग सिस्टम और साइलो जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं, जिससे माल हैंडलिंग का समय काफी कम हो जाता है।

## यूनिक, टाइटंस, एथलेटिक्स, जेडी एकादश की जीत

**कानपुर।** केसीए की केडीएमए लीग में सोमवार को पांच मुकाबले खेले गए। इसमें यूनिक, टाइटंस, एथलेटिक्स, जेडी एकादश और इलेवन स्टार एकादश ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। लीग चरण में खेले गए मुकाबलों में बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों का बोलबाला रहा और खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पीएसी मैदान में यूनिक एकादश ने 34 ओवर में सात विकेट पर 256 रन बनाए। इसमें अक्षय शुक्ला ने 108 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूत किया। जवाब में स्पोर्टिंग यूनियन 28.4 ओवर में 135 रन ही बना सकी। यूनिक के आगाज ने तीन, सौरभ, अभिषेक और तरुणदीप ने दो-दो विकेट लिए।



